# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

## माननीय प्रबन्ध परिषद की 64वीं बैठक दिनाँक 30 जून, 2026 का कार्यवृत्त

माननीय प्रबन्ध परिषद की 64वीं बैठक दिनाँक 30 जून, 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कुलपति सभाकक्ष, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई। बैठक में माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत् रही है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डा0 त्रिवेणी दत्त, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | श्री धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज, मा0 सदस्य, विधान परिषद | सदस्य |
| 3. | श्री लाल बहादुर यादव, विशेष सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनु0 विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। (प्रमुख सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनु0 विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 4. | डा0 अनिल कुमार, सहायक महानिदेशक, आई0सी0ए0आर0, नई दिल्ली। (ऑनलाईन प्रतिभाग किया गया) | सदस्य |
| 5. | श्री राकेश कुमार शर्मा, लाईव स्टाक ब्रीडर, मेरठ। | सदस्य |
| 6. | श्रीमती सुमन त्यागी, सामाजिक महिला कार्यकत्री, चांदपुर, बिजनौर। | सदस्य |
| 7. | श्री देवव्रत त्यागी, प्रगतिशील कृषक, मुजफ्फरनगर। | सदस्य |
| 8. | श्री सतीश कुमार, अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, मेरठ मण्डल, मेरठ (अपर मुख्य सचिव वित्त, उ0प्र0 के प्रतिनिधि)। | सदस्य |
| 9. | डा0 सुधांशु सिंह, कृषि वैज्ञानिक | सदस्य |
| 10. | श्री अभय दयाल, कृषि उद्योगपति, मेरठ। (ऑनलाईन प्रतिभाग किया गया) | सदस्य |
| 11. | डा0 स्मिता वर्मा, संयुक्त निदेशक, कृषि मेरठ मण्डल, मेरठ (निदेशक कृषि, उ0प्र0 के प्रतिनिधि)। | सदस्य |
| 12. | डा0 परविन्द्र बालियान, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ मण्डल, मेरठ (अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 13. | डा0 मानव, अपर निदेशक, पशुपालन, मेरठ मण्डल, मेरठ (निदेशक पशुपालन, उ0प्र0 के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 14. | श्री पंकज कुमार चतुर्वेदी, वित्त नियंत्रक | सदस्य सचिव |

मा0 प्रबन्ध परिषद के सचिव/वित्त नियन्त्रक द्वारा विश्वविद्यालय की मा0 प्रबन्ध परिषद के मा0 सदस्यों का स्वागत किया गया। मा0 कुलपति जी द्वारा मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की प्रगति के संदर्भ में उद्बोधन करते हुए अवगत कराया कि विश्वविद्यालय के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह के विभिन्न प्रकार के आयोजन किये जायेगें। मा0 कुलपति जी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि विगत



वित्त नियंत्रक/सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद
स0 व0 प0 कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

डा0 त्रिवेणी दत्त
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ.वि.वि., मेरठ

25 वर्षों में विश्वविद्यालय द्वारा कुल 5000 उपाधियां प्रदान की जा चुकी है। वर्तमान में विश्वविद्यालय में कुल 190 शैक्षणिक स्टाफ एवं 121 गैर–शैक्षणिक स्टाफ तथा लगभग 500 कार्मिक सेवा प्रदाता के माध्यम से कुशल/अकुशल/कृषि श्रमिक के रूप में कार्यरत है। अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय परिसर में छात्र/छात्राओं के उपयोग हेतु कुल 23 छात्रावास स्थित है, जिनमें कम्युनिटी किचन के माध्यम से छात्र/छात्राओं को भोजन की व्यवस्था करायी जा रही है। वर्तमान में विश्वविद्यालय में अनुमानित रू0 127.00 करोड़ के निर्माण कार्य प्रगतिशील है जबकि मा0 कृषि मंत्री, उ0प्र0 द्वारा रू0 25.00 करोड़ की धनराशि के स्पीड ब्रीडिंग के कार्यों के लिए प्रस्ताव उ0प्र0 शासन को शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश दिये गये है। इसी प्रकार विश्वविद्यालय में विभिन्न निर्माण कार्यों को सम्पादित कर रही कार्यदायी संस्थाओं के कार्यों पर निरन्तर निगरानी की जा रही है। अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा मा0 प्रबन्ध परिषद से अनुमोदन उपरांत कुल 10 विज्ञप्तियां है, जोकि मुख्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के विभिन्न पदों हेतु जारी किये जा रहे है। इसी क्रम में मुख्यालय/कृषि विज्ञान केन्द्र के पूर्व में विज्ञापित विभिन्न पदों के साक्षात्कार की कार्यवाही एक सप्ताह के अन्तर्गत प्रारम्भ कर दी जायेगी।

मा0 कुलपति जी द्वारा मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों को 23 नये पाठ्यक्रम के विश्वविद्यालय में प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक अवगत कराते हुए मा0 कृषि मंत्री, उ0प्र0 एवं उ0प्र0 शासन का अभिवादन किया गया। विश्वविद्यालय में कुल 19 वोकेशनल पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये गये है। इसके अतिरिक्त 05 डिप्लोमा पाठ्यक्रम एवं 18 सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जा रहे है। विश्वविद्यालय में कुल 04 नये महाविद्यालयों (College of Agri-Buisness Management, College of Community Science, College of Basic Science & Humanities, College of Dairy Technology) को प्रारम्भ करने के उद्देश्य से इन सभी महाविद्यालयों की डी0पी0आर0 उ0प्र0 शासन को प्रेषित कर दी गयी है।

मा0 कुलपति जी बताया गया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य में कोई भी महिला विश्वविद्यालय नही है जबकि अन्य प्रदेशों में महिला विश्वविद्यालय संचालित है। वर्तमान में कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में मात्र 24 प्रतिशत छात्रायें ही अध्ययनरत है। विश्वविद्यालय में College of Basic Science & Humanities प्रारम्भ होने के पश्चात महिलाओं को उच्च शिक्षा की ओर प्रेरित किया जा सकेगा। साथ ही भविष्य में इस महाविद्यालय को शासन द्वारा महिला विश्वविद्यालय के रूप में भी उन्नतीकृत किया जा सकता है।



वित्त नियंत्रक/सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद
स0 व0 प0 कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ--250110

डा0 त्रिवेणी दत्त
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ.वि.वि., मेरठ

मा0 कुलपति जी द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय को रजत जयंती हेतु कुल 25.00 लाख की धनराशि उ0प्र0 शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है। विश्वविद्यालय के रजत जयंती के उपलक्ष्य में निम्नलिखित विभिन्न कार्यक्रम/अन्य प्रस्तावित हैः–

1. विश्वविद्यालय परिसर में हाईमास्ट फ्लैग स्थापित कराया जायेगा।
2. विश्वविद्यालय के कार्मिकों/छात्र–छात्राओं को स्टेच्यू ऑफ यूनिटि, गुजरात एवं सरदार वल्लभभाई पटेल धाम, गुजरात का भ्रमण प्रस्तावित है।
3. मुख्यालय/कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से विभिन्न सेमिनारों/कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए सरदार पटेल पर डाक्युमेंट्री का प्रसारण कराया जायेगा।
4. विश्वविद्यालय परिसर में प्रक्षेत्र पर समस्त शैक्षणिक/गैर–शैक्षणिक स्टाफ के नामों की पट्टिका लगाते हुए पौधे रोपड़ का कार्य कराया जा चुका है।
5. विश्वविद्यालय द्वारा Silver Jubilee Logo जारी किया जायेगा।
6. विश्वविद्यालय के रजत जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों/सेमीनारों/अन्य से सम्बन्धित की विडियो यूट्यूब पर अपलोड की जायेगी।
7. विश्वविद्यालय के होनहार छात्र–छात्राओं को पुरस्कार दिये जायेगें।
8. ग्रीन कैम्पस के अन्तर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त कैम्पस बनाने पर कार्य किया जा रहा है।
9. विश्वविद्यालय में अध्ययनरत कुल 300 छात्राओं का विश्वविद्यालय की ओर से हैल्थ–चैकअप कराया जा चुका है तथा शेष छात्राओं चैकअप का 2–3 दिन में करा दिया जायेगा। इसके पश्चात विश्वविद्यालय में कार्यरत कार्मिकों का भी हेल्थ–चैकअप कराया जायेगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त मा0 कुलपति जी द्वारा निम्नवत कार्यों के संचालन के सम्बन्ध में अवगत कराया गयाः–

1. नैक एक्रेडेशन को A से अपग्रेड कराते हुए A++ कराने के प्रयास किये जायेगें।
2. फैकल्टी को AI Base पर विकसित करने के लिए आई0टी0आई0–रोपड़ एवं एम0आई0ई0टी0, मेरठ से एम0ओ0यू0 किये गये है।
3. विश्वविद्यालय द्वारा AI Policy तैयार कर ली गयी है।
4. विश्वविद्यालय में सीड प्रोडक्शन पॉलिसी भी तैयार कर ली गयी है।
5. भारत सरकार के "खेत बचाओ अभियान" के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के कुल 07 कृषि विज्ञान केन्द्रों पर Soil Testing की सुविधा क्षेत्र के किसानों को उपलब्ध करायी



वित्त नियंत्रक/सचिव मा० प्रबन्ध परिषद
स० ब० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

डा० त्रिवेणी दत्त
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ.वि.वि., मेरठ

जा रही है। भविष्य में विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले सभी 20 कृषि विज्ञान केन्द्रों पर Soil Testing की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के प्रयास किये जा रहे है।

6. ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उनके परिजनों को नैचुरल फार्मिंग को वरीयता दिये जाने के प्रयास किये जा रहे है।
7. दिनांक 20 जुलाई, 2026 को विश्वविद्यालय के 19वें दीक्षांत समारोह के दौरान माननीया कुलाधिपति महोदया की उपस्थिति में "मां–बेटी सम्मेलन" का आयोजन कराया जायेगा। जिसमें न्यूनतम 300 छात्राओं की माताओं को समारोह में लाने का प्रयास किया जा रहा है।
8. विश्वविद्यालय कैम्पस को पूर्ण रूप से नशामुक्त कराने के प्रयास किये जा रहे है।
9. विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा प्राप्त स्पोर्टस–टीचर, म्यूजिक टीचर एवं योगा टीचर नियुक्त किये गये है। साथ ही विश्वविद्यालय में फोटोग्राफी क्लब, ड्रामा क्लब, डांस क्लब की स्थापना भी की गयी है।

तदोपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

**प्रस्ताव संख्या 64.1 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 63वीं बैठक दिनाँक 27 मार्च, 2026 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

मा0 प्रबन्ध परिषद की 63वीं बैठक दिनांक 27 मार्च, 2026 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 64.2 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 63वीं बैठक दिनाँक 27 मार्च, 2026 के निर्णयों की अनुपालन आख्या।**

मा0 प्रबन्ध परिषद की 63वीं बैठक दिनांक 27 मार्च, 2026 के निर्णयों की अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)**

वित्त नियंत्रक/सचिव मा० प्रबन्ध परिषद
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

डा० त्रिवेणी दत्त
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ.वि.वि., मेरठ

**प्रस्ताव संख्या 64.3: चालू वित्तीय वर्ष 2026–27 में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के कर्मचारियों के वेतन वहन हेतु वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 63/2026/800/कृशिअ–67–1002 (003)/5/ 2026 दिनांक 16 अप्रैल, 2026 के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में वित्तीय वर्ष 2026–2027 के अन्तर्गत कर्मचारियों के वेतन वहन हेतु रू0 5750.00 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है।

उपर्युक्त शासनादेश के बिन्दु संख्या–1 पर इंगित किया गया है कि **"धनराशि कोषागार से आहरित करके मा0 प्रबन्ध परिषद के पूर्वानुमोदन से व्यय की जायेगी तथा किसी भी मद में स्वीकृत धनराशि का व्यावर्तन नही किया जायेगा/किसी अन्य मद में पुनर्विनियोग नही किया जायेगा।"**

जिसपर मा0 प्रबन्ध परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मत्ति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाही: वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 64.4: चालू वित्तीय वर्ष 2026–27 में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित पदों के सापेक्ष दिनांक 01.04.2005 व उसके बाद नियुक्त कार्मिकों के लिए नियोक्ता अंशदान (एन0पी0एस0) हेतु वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

वित्त नियंत्रक/सचिव मा० प्रबन्ध परिषद
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ-250110



डा० त्रिवेणी दत्त
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ.वि.वि., मेरठ

कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 64/2026/775/कृशिअ–67–1002 (003)/1/2024 दिनांक 16 अप्रैल, 2026 के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में वित्तीय वर्ष 2026–2027 के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित पदों के सापेक्ष दिनांक 01.04.2005 व उसके बाद नियुक्त कार्मिकों के लिए नियोक्ता अंशदान के रूप में रू0 625.00 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है।

उपर्युक्त शासनादेश के बिन्दु संख्या–2 पर इंगित किया गया है कि **''धनराशि कोषागार से आहरित करके मा0 प्रबन्ध परिषद के पूर्वानुमोदन से व्यय की जायेगी।''**

जिसपर मा0 प्रबन्ध परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मत्ति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाही: वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 64.5: वित्तीय वर्ष 2026–27 में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ हेतु गैर–वेतन की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 68/2026/782/कृशिअ–67–1002 (001)/2/2025 दिनांक 12 मई, 2026 के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में वित्तीय वर्ष 2026–2027 हेतु गैर–वेतन मद के अन्तर्गत प्रावधानित धनराशि रू0 750.00 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त

वित्त नियंत्रक/सचिव मा० प्रबन्ध परिषद
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110



डा० त्रिवेणी दत्त
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ.वि.वि., मेरठ

के रूप में रू0 187.50 लाख एवं तकनीकी प्रशिक्षण के लिए रू0 5.83 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है।

उपर्युक्त शासनादेश के बिन्दु संख्या–16 पर इंगित किया गया है कि **''धनराशि कोषागार से आहरित करके मा0 प्रबन्ध परिषद के पूर्वानुमोदन से व्यय की जायेगी तथा किसी भी मद में स्वीकृत धनराशि का व्यावर्तन नही किया जायेगा/किसी अन्य मद में पुनर्विनियोग नही किया जायेगा।''**

जिसपर मा0 प्रबन्ध परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मत्ति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 64.6ः विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 98वीं बैठक दिनांक 20.06.2026 को प्रस्तावित बैठक में लिये जाने वाले निर्णयों पर अनुमोदन का प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 98वीं बैठक दिनांक 20.06.2026 पर मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 98वीं बैठक दिनांक 20.06.2026 में स्वीकृत मुख्य बिन्दुओं के संदर्भ में विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा विस्तार से अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के 19वें दीक्षांत समारोह दिनांक 30 जुलाई, 2026 में कुल 428 छात्र–छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की जायेगी। साथ ही यह भी इंगित किया गया कि दिनांक 30.06.2026 को प्रदान की जाने वाली डिग्रियों की अन्तिम संख्या का डाटा प्राप्त हो जायेगा।

वित्त नियंत्रक/सचिव मा० प्रबन्ध परिषद
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

डा० त्रिवेणी दत्त
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ.वि.वि., मेरठ

विश्वविद्यालय के विभिन्न पदों जिसमें (निदेशक, अनुसंधान केन्द्र/संयुक्त निदेशक, अनुसंधान केन्द्र के 02 पद, निदेशक प्रसार/संयुक्त निदेशक प्रसार के 02 पद, विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में प्राध्यापक/सह–प्राध्यापक तथा सहा0 प्राध्यापक के 126 पद, तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कुल 93 पद तथा विश्वविद्यालय में गैर–शैक्षणिक वर्ग के कुल 02 पद यथा–01 पद सहायक कुलसचिव एवं 01 पद लेखाधिकारी) विज्ञापित कराये जाने है, जिनका पूर्ण विवरण निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | विज्ञापन संख्या | पदनाम | कुल पद |
|---|---|---|---|
| 1 | I/2026 | Director Agricultural Experiment Station-01, Joint Director-01 | 02 |
| 2 | II/2026 | Director Extension-01, Joint Director-01 | 02 |
| 3 | III/2026 | Professor-09, Associate Professor-05, Assistant Professor-01 | 15 |
| 4 | IV/2026 | Self finance &Professor-05, Associate Professor-04 | 09 |
| 5 | V/2026 | Professor-13 | 13 |
| 6 | VI/2026 | Associate Professor-24 | 24 |
| 7 | VII/2026 | Assistant Professor-65 | 65 |
| 8 | VIII/2026 | SMS/T6-31 | 31 |
| 9 | IX/2026 | Farm Manager / T4 - 06<br>Programme Assistant (Computer) / T4 - 07<br>Programme Assistant (Lab Technician) / T4 -11<br>Assistant -08<br>Stenographer Grade-III-06<br>Driver / T1 -24 | 62 |
| 10 | X/2026 | Account Officer – 01, Assistant Registrar-01 | 02 |
| | | **Total : -** | **225** |

इसी क्रम में विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की संकल्प संख्या–9 पर इंगित प्रस्ताव– सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के अन्तर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा 100 प्रतिशत वित्त पोषित 20 कृषि विज्ञान केन्द्रों के लिए समूह–''ग'' के कुल 62 रिक्त पदों के विज्ञापन संख्या–VI/2021 को निरस्त करते हुए कृषि विज्ञान केन्द्रों के लिए समूह–''ग'' के कुल 62 रिक्त पदों को विज्ञापन विज्ञापित करने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि पूर्व विज्ञापन के

वित्त नियंत्रक/सचिव मा० प्रबन्ध परिषद
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110



डा० त्रिवेणी दत्त
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ.वि.वि., मेरठ

अन्तर्गत अप्लाई किये अभ्यर्थियों से पुनः अप्लाई करने पर आवेदन–शुल्क नही लिया जायेगा। परंतु उन अभ्यर्थियों को आयु सीमा में किसी प्रकार की छूट प्रदान नही की जायेगी।

जिस पर विशेष सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, उ0प्र0 शासन, लखनऊ द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि पूर्व में अप्लाई करने वाले अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट न देने के कारणवश काफी अभ्यर्थी पुनः विज्ञापन विज्ञापित होने पर हो सकता है कि आयु सीमा अधिक हो जाने के कारणवश पुनः अप्लाई न कर सके। ऐसी स्थिति में मा0 न्यायालय में वाद योजित होने की प्रबल संभावना हो सकती है। जिसके दृष्टिगत विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में विज्ञापित विज्ञापन को निरस्त करते हेतु पूर्व में विज्ञापित विज्ञापन में अप्लाई करने वाले समस्त अभ्यर्थियों की फीस वापिस करने के उपरांत पुनः विज्ञापन विज्ञापित कराया जाना उपयुक्त होगा। जिसपर समस्त मा0 सदस्यों द्वारा सहमति प्रदान की गयी एवं यह निर्णय लिया गया कि पहले पूर्व विज्ञापित विज्ञापन को निरस्त किया जाये, इसके पश्चात पूर्व अभ्यर्थियों की आवेदन–फीस वापस की जायेगी तदोपरांत पुनः नया विज्ञापन जारी किया जाये।

**(कार्यवाहीः कुलसचिव/निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण**

**प्रस्ताव संख्या 64.7 : विश्वविद्यालय चिकित्सालय पर अंशकालिक महिला परामर्श चिकित्सक का मानदेय रू0 20000/– प्रतिमाह के स्थान पर रू0 50000/– प्रतिमाह किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय की मा0 प्रबन्ध परिषद की 60वीं बैठक दिनांक 28.03.2025 के प्रस्ताव संख्या–60.9 पर विश्वविद्यालय परिसर में स्थित चिकित्सालय हेतु रू0 20000/– प्रतिमाह मानदेय के आधार पर एक अंशकालिक महिला चिकित्सक को

वित्त नियंत्रक/सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद
स0 व0 प0 कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110



डा0 त्रिवेणी दत्त
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ.वि.वि., मेरठ

कांट्रेक्ट पर रखे जाने हेतु योग्यता एवं मानदेय पर अनुमोदन प्रदान किया गया था।

प्रस्तुत प्रस्ताव के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के चिकित्सालय पर तैनात अंशकालिक महिला परामर्श चिकित्सक को प्रतिमाह रू0 20000/– के स्थान पर रू0 50000/– (रू0 पचास हजार मात्र) प्रतिमाह किये पर मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मत्ति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाहीः प्रभारी अधिकारी, चिकित्सालय/वित्त नियन्त्रक)**

**उपरोक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त मा0 सदस्यों द्वारा निम्नवत अभिमत व्यक्त किये गयेः–**

1. श्री धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में College of Basic Science & Humanities को क्षेत्र की आवश्यकता बतायी गयी। जिससे कि महिलाओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में सुविधा प्राप्त हो सके।

**(कार्यवाहीः कुलसचिव)**

2. श्री धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में College of Basic Science & Humanities में स्नातक के साथ–साथ परास्नातक की शिक्षा के प्रयास किये जाये।

**(कार्यवाहीः कुलसचिव)**

3. डा0 सुधांशु सिंह, कृषि वैज्ञानिक द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में College of Basic Science & Humanities स्थापित होने के दृष्टिगत Job

वित्त नियंत्रक/सचिव मा० प्रबन्ध परिषद
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110



डा० त्रिवेणी दत्त
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ.वि.वि., मेरठ

Opportunity का Survey भी कराया जाना उपयुक्त होगा, जिससे कि शिक्षा के उपरांत उनके लिए जॉब की उपलब्धता की स्थिति पर भी प्रयास किये जा सके।

इस पर मा0 कुलपति जी द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा इस महाविद्यालय के माध्यम से महिलाओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किये जाने के प्रयास किये जायेगें। यह भी अवगत कराया गया कि देशभर में कुल 730 से अधिक कृषि विज्ञान केन्द्र संचालित है। जिनपर होम साइंस के विषय वस्तु विशेषज्ञ की नियुक्त होती है।

**(कार्यवाही: निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण/कुलसचिव)**

4. श्री राकेश कुमार शर्मा, लाईव स्टाक ब्रीडर द्वारा विश्वविद्यालय के गैर–शैक्षणिक पदों पर प्रौन्नति करने का सुझाव दिया गया। इसपर मा0 कुलपति जी द्वारा अवगत कराया गया कि कृषि विश्वविद्यालय, पन्तनगर से प्राप्त विभिन्न पदों के सापेक्ष गैर–शैक्षणिक पदों पर प्रौन्नति/विज्ञापन विज्ञापित करने के संदर्भ में एक समिति गठित कर दी गयी है, जोकि 10–15 दिनों के अन्तर्गत अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर देगी। तदोपरांत इसपर कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।

**(कार्यवाही: निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण)**

5. अपर निदेशक, पशुपालन, मेरठ मण्डल, मेरठ द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि विश्वविद्यालय में पशुचिकित्सा एवं पशुचिकित्सा महाविद्यालय एवं पॉलीक्लीनिक संचालित है एवं इनके पशु विज्ञान के सभी विषयों के विशेषज्ञ कार्यरत है, जिससे क्षेत्र के पशुपालकों को इण्डोर हास्पिटल की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए जिससे कि 10–15 पशुओं

वित्त नियंत्रक/सचिव मा० प्रबन्ध परिषद
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110



डा० त्रिवेणी दत्त
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ.वि.वि., मेरठ

को रखा जा सके। इस सम्बन्ध में मा0 कुलपति जी द्वारा सहमति प्रदान की गयी तथा इस पर शीघ्र कार्य प्रारम्भ करने का आश्वासन भी दिया गया।

**(कार्यवाही: अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय)**

6. श्री राकेश कुमार शर्मा, लाईव स्टाक ब्रीडर द्वारा विश्वविद्यालय की मा0 प्रबन्ध परिषद की 61वीं बैठक दिनांक 20.08.2025 के बिन्दु संख्या–61.8 के अन्तर्गत कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में संचालित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं के पदों का कार्यकाल 03 वर्ष रखने के सम्बन्ध में प्रस्ताव पर विश्वविद्यालय द्वारा की जा रही कार्यवाही पर जानकारी चाही गयी। जिसपर मा0 कुलपति जी द्वारा अवगत कराया गया कि इस सम्बन्ध में एक प्रोफार्मा डेवलप किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत महाविद्यालयों के समस्त प्राध्यापक उस प्रोफार्मा के अन्तर्गत महाविद्यालय के अधिष्ठाता के पद हेतु आवेदन कर सकते है। इस प्रक्रिया के प्रारम्भ होने तक महाविद्यालयों में वरिष्ठता के आधार पर प्राध्यापक स्तर के शिक्षक को चयन द्वारा अधिष्ठाता नियुक्त किया जा सकेगा।

**(कार्यवाही: निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण / कुलसचिव)**

वित्त नियन्त्रक द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

(पंकज कुमार चतुर्वेदी)
वित्त नियंत्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद

वित्त नियंत्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद
स0 व0 प0 कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

अनुमोदित

(डा0 त्रिवेणी दत्त)
कुलपति / अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद

डा0 त्रिवेणी दत्त
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ.वि.वि., मेरठ